दैनिक प्रातः कालीन हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 298 मुरादाबाद, 25 February 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## मेघालय में PM का विपक्ष पर निशाना: वे कह रहे तेरी कब्र खुदेगी, लेकिन देश कह रहा- मोदी तेरा कमल खिलेगा

### गुरू जी ने बोल दिया, बस, पीएम मोदी ने की नगालैंड के मंत्री की तारीफ तो नेता ने दिया जवाब




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मेघालय में रोड शो में हिस्सा लिया। इसके बाद यहां चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने भारी संख्या में जुटने के लिए मेघालय की जनता का शुक्रिया अदा किया। इतना ही नहीं पीएम ने विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि पूरा देश कह रहा है कि मोदी तेरा कमल खिलेगा।

### मेघालय की जनता से क्या बोले पीएम मोदी?

प्रधानमंत्री ने कहा, आज जिस प्रकार से शानदार और जानदार रोड शो आपने किया है... आपका यह प्यार, आपका यह आशीर्वाद... मैं आपके इस कर्ज को जरूर चुकाऊंगा। आपके इस प्यार और आशीर्वाद का कर्ज मैं मेघालय का विकास कर चुकाऊंगा, आपके कल्याण के काम को गति देकर चुकाऊंगा। आपके इस प्यार को मैं बेकार नहीं जाने दूंगा।

### विपक्ष पर कैसे साधा निशाना?

इस रोड शो की तस्वीरों ने देश के कोने कोने में आपका संदेश पहुंचा दिया है। मेघालय में चारों तरफ बीजेपी ही बीजेपी दिख रही है। पर्वतीय हो या मैदानी इलाका... गांव हो या शहर हर तरफ कमल खिलता दिख रहा है। कुछ लोग जिनको देश ने नकार दिया है, जो निराशा के गर्त में डूब चुके हैं... वो आजकल माला जपते हैं

और कह रहे हैं कि- मोदी तेरी कब्र खुदेगी। लेकिन देश कह रहा है, देश का कोना कोना कह रहा है- मोदी तेरा कमल खिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, आज जिस प्रकार से शानदार और जानदार रोड शो आपने किया है... आपका यह प्यार, आपका यह आशीर्वाद... मैं आपके इस कर्ज को जरूर चुकाऊंगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नगालैंड में विधानसभा चुनाव से पहले आज भाजपा के लिए जमकर प्रचार किया। पीएम मोदी ने इस बीच नगालैंड के भाजपा प्रमुख और उच्च शिक्षा मंत्री इम्ना अलॉन्ग की तारीफ की। पीएम ने कहा कि अलॉन्ग के विचारों को दुनिया सुनती है और उन्होंने पूर्वोत्तर का प्रतिनिधित्व किया है। पीएम ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर अलॉन्ग ने तूफान ला रखा है और हर कोई उनके सेंस ऑफ ह्यूमर की तारीफ करता है और और पोस्ट को शेयर करता है।

मंत्री ने दिया जवाब, गुरू जी भाजपा नेता तेमजेन इम्ना ने भी पीएम द्वारा की गई तारीफ पर खुशी जताई है। उन्होंने एक ट्वीट कर कहा, गुरुजी ने बोल दिया! बस हम तो धन्य हो गए। इम्ना ने इसके साथ ही पीएम के उस बयान की क्लीप भी साझा की, जिसमें पीएम उनकी तारीफ कर रहे थे। इस वीडियो में पीएम ने कहा कि इम्ना की बातों का तो पूरा देश मजा ले रहा है।

### अलॉन्ग का नाम लेते ही बजी तालियां

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने भाजपा नेता की तारीफ करते हुए कहा कि उनके विचारों का तो मैं भी कायल हूं और उनकी वीडियो देखता हूं। पीएम ने रैली में जैसे ही अलॉन्ग का नाम लिया चारों ओर से तालियां बजने लगीं। कांग्रेस पर पीएम का हमला-पीएम मोदी ने रैली के दौरान कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने पूर्वोत्तर को केवल एटीएम की तरह इस्तेमाल किया है और घोटाले किए हैं। पीएम ने भाजपा ने पूर्वोत्तर के आठों राज्यों को अष्टलक्ष्मी माना है और उसके विकास के लिए काम किया है।

## मंत्री यादव के बयान पर भड़के संजय जायसवाल, बोले- नीतीश जी सहने की सीमा होती है.. बदजुबान को बर्खास्त करें



पटना- बिहार सरकार में सहकारिता मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव के अग्निवीर भर्ती को लेकर दिए गए बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। यादव के बयान में हिजड़ों की फौज जैसे शब्द इस्तेमाल किए जाने को लेकर भाजपा हमलावर हो गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने शुक्रवार को अपनी एक फेसबुक पोस्ट में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को खुली चिट्ठी लिखकर मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव को बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का अपमान न तो हम सहेंगे और न ही देश की जनता सहेगी। अपनी खुली चिट्ठी में जायसवाल ने नीतीश कुमार पर भी कई तंज कसे। उन्होंने अपनी पोस्ट में सहकारिता मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव के बयान वाला वीडियो भी साझा किया है।

### मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव ने क्या कहा था?

पूर्णिया रैली को लेकर कटिहार में कैंप कर रहे सूबे के सहकारिता मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव ने गुरुवार को यह बयान दिया था। रैली जागरूकता रथ को रवाना करने के बाद उन्होंने सेना की अग्निवीर योजना को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला था। प्रभारी मंत्री ने कहा कि देश में साढ़े आठ साल बाद हिजड़ों की फौज खड़ी होगी। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना का प्रस्ताव लाने वाले को फांसी पर चढ़ा देना चाहिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आठ वर्ष में कई सेना अधिकारी सेवानिवृत्त हो जाएंगे। अग्निवीर के लिए भी सेना में चार साल का ही अवसर दिया गया है। आखिर चार साल में वे क्या जानेंगे व क्या सीखेंगे

### संजय जायसवाल की खुली चिट्ठी

माननीय नीतीश जी, क्या आपने भारतीय सेना को 'हिजड़ों की फ़ौज' बताते हुए अपने बदजुबान मंत्री का बयान सुना, या हर बार की तरह इस बार भी आप कहेंगे कि 'हमें तो कुछ पता ही नहीं' हम जानते हैं कि कुर्सी के लिए आपने अपनी 'अंतरात्मा' को मार दिया है। हमें पता है कि पीएम की कुर्सी पाने की डील के तहत आपने अपने 'आंख-कान' सब मूंद लिए हैं। लेकिन थोड़ा अपने अंतर्मन को टटोल कर देखिये कि क्या किसी कोने में थोड़ा सा भी ईमान बचा है?

आपको नहीं लगता है कि भारतीय सेना को हिजड़ों की फौज बताना न केवल हमारे सेना के वीर जवानों बल्कि देश के हरेक नागरिक का अपमान है? क्या आपको नहीं लगता है कि आपके मंत्री का यह निंदनीय बयान भारतीय सेना के काम करने वाले हर बिहारी और उनके परिजनों का अपमान है? जब भी कोई बिहारवासी सैनिक शहीद होता है तब आप उन्हें श्रद्धांजलि देने जाते हैं न। क्या अपने मंत्री के इस बयान के बाद आप वैसा करने का साहस जुटा पाएंगे? क्या आप उनके परिजनों की आंखों में आंख डाल उन्हें सांत्वना के दो बोल कहने की हिम्मत दिखा पाएंगे? नीतीश जी सहने की एक सीमा होती है। आपके मंत्री ने हमारे आराध्य प्रभु श्री राम का अपमान किया, हमने बर्दाश्त कर लिया, आपके मंत्री ने हमारे नेताओं को भला-बुरा कहा हमने कुछ नहीं कहा। आपके नेताओं ने जाति विशेष के खिलाफ जहर उगल समाज को तोड़ने की कोशिश की, हमने उसे भी सहन किया। लेकिन भारतीय सेना के वीर जवानों को हिजड़ा बताना न तो हम बर्दाश्त करने वाले हैं और न ही बिहार की जनता। हमारी एक ही मांग है कि अपने इस बदजुबान मंत्री को अविलंब मंत्रीमंडल से बर्खास्त कर, उनपर देशद्रोह के तहत करवाई करें। नहीं तो यह साफ हो जाएगा कि इस तरह के बयान आप ही के इशारे पर सुनियोजित तरीके से दिए जा रहे हैं। आप राज्य के मुखिया हैं, क्या आप न्याय करने की हिम्मत दिखायेंगे या कुर्सी का लालच भारतीय सेना के अपमान पर भी हावी हो जाएगा?



## मौलाना तौकीर रजा बोले: धृतराष्ट्र की भूमिका से बाहर आएं पीएम मोदी, बजरंग दल और विहिप पर लगाएं पाबंदी

हरियाणा के भिवानी हत्याकांड को लेकर इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल ( आईएमसी ) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने सीधे तौर पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने बरेली में शुक्रवार को अपने आवास पर प्रेसवार्ता में कहा कि हत्यारों की हिमायत में जब सभाएं की जाने लगे, तब माहौल बिगाड़ने का पूरा अंदेशा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब सरकार की सरपरस्ती में हो रहा है। सरकार को चाहिए कि ऐसे मामलों में जरा सी भी लापरवाही न करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मौलाना ने कहा कि प्रधानमंत्री को धृतराष्ट्र की भूमिका से निकलकर दुर्योधनों और दुशासनों पर लगाम कसनी चाहिए। गली-गली दुशासन पैदा हो गए हैं।

### विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी

मौलाना तौकीर रजा ने मांग की कि जिस तरह सिमी पर पाबंदी लगाई गई थी, उसी तरह बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद पर पाबंदी लगाई जाए। अगर 15 दिन में सरकार ने संज्ञान नहीं लिया तो हम सड़कों पर आएंगे। जो कुछ होगा उसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी। संसद का घेराव करेंगे। पूरे हिंदुस्तान में विरोध प्रदर्शन करेंगे। तौकीर रजा खान ने कहा कि जिनको संविधान में यकीन नहीं करते, उनके खिलाफ एकजुट होना चाहिए। राजस्थान में कन्हैया लाल की हत्या हुई थी तो किसी मुसलमान ने उस घटना का समर्थन नहीं किया था, लेकिन भिवानी हत्याकांड के आरोपियों का कुछ लोग समर्थन कर रहे हैं।

## बांके बिहारी के दरबार पहुंचे बॉलीवुड अभिनेता जिमी शेरगिल, जमा हुई फैंस की भीड़




अभिनेता जिमी शेरगिल ने ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। सेवायत मयंक गोस्वामी ने उन्हें ठाकुर जी की प्रसादी व अंगवस्त्र भेंट किए।बॉलीवुड अभिनेता जिमी शेरगिल ने शुक्रवार की शाम बांके बिहारी के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने बांकेबिहारी मंदिर में अंगवस्त्र और प्रसाद भेंट किया। इस दौरान वे 15 मिनट मंदिर में मौजूद थे। मंदिर में अभिनेता के पहुंचने के बाद वहां मौजूद लोगों ने उनकों पहचान लिया, जिसके बाद मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अभिनेता जिमी शेरगिल ने ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। सेवायत मयंक गोस्वामी ने उन्हें ठाकुर जी की प्रसादी व अंगवस्त्र भेंट किए। मंदिर से बाहर निकलने के बाद अभिनेता को देखने के लिए उनके फैंस की भारी भीड़ जमा हो गई। इस दौरान पुलिसकर्मियों को व्यवस्थाएं संभालनी पड़ीं।

## रविशंकर प्रसाद ने बिहार के मंत्री को बर्खास्त करने की मांग, अग्निवीर योजना पर दिया था विवादित बयान



भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नीतीश कुमार के मंत्री ने सेना के बारे में शर्मनाक और आपत्तिजनक बयान दिया है। बिहार के सीएम को क्या लगता है कि इस टिप्पणी के बाद देश खामोश हो जाएगा? मैं हमारी सेना के लिए आपत्तिजनक शब्द कहने वाले का नाम नहीं लेना चाहता। राजद नेता सुरेंद्र यादव के सेना की अग्निवीर योजना को लेकर दिए विवादित बयान पर बवाल बढ़ता ही जा रहा है। अब बिहार सरकार के मंत्री सुरेंद्र यादव को बर्खास्त करने की मांग उठने लगी है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के बाद अब पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भी मांग की है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजद नेता और मंत्री सुरेंद्र यादव को सेना के जवानों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए बर्खास्त करे। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नीतीश कुमार के मंत्री ने सेना के बारे में शर्मनाक और आपत्तिजनक बयान दिया है। बिहार के सीएम को क्या लगता है कि इस टिप्पणी के बाद देश खामोश हो जाएगा? मैं हमारी सेना के लिए आपत्तिजनक शब्द कहने वाले का नाम नहीं लेना चाहता। उन्होंने कहा कि ऐसे मंत्री को अपने पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है। नीतीश कुमार को कम से कम सेना की साख तो बचानी चाहिए। बिहार के लोग राज्य में बदलाव चाहते हैं और वे हमारी पार्टी की ओर देख रहे हैं। भाजपा 2025 में लोकसभा चुनाव और बिहार चुनाव दोनों जीतेगी। राजद नेता सुरेंद्र यादव ने गुरुवार को अपने एक बयान में सेना के जवानों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने ये भी कहा था कि जिसने भी अग्निपथ योजना का विचार दिया है, उसे फांसी पर लटका देना चाहिए। सुरेंद्र यादव के इस बयान की खूब आलोचना हुई। बीते साल जून में अग्निपथ योजना की शुरुआत की गई थी। तीनों सेनाओं में अग्निपथ योजना के तहत भर्तियां की जाएंगी। योजना के तहत 17.5 साल से लेकर 21 साल तक के युवाओं को चार साल के लिए सेना में भर्ती किया जाएगा और इनमें से 25 फीसदी को आगे 15 साल के लिए स्थायी किया जाएगा और बाकी को एक फंड देकर रिटायर कर दिया जाएगा। हालांकि बाद में अग्निवीर योजना में अभ्यर्थियों की उम्र की अंतिम सीमा बढ़ाकर 23 साल कर दी गई थी।

## संपादकीय Editorial

# Results of hot february

There are still a few days left for the month of February to end, but the weather has started heating up. The average temperature which used to be in the month of April, has now started heating up in February itself. The mind starts getting scared just by imagining how the heat and heat wave will be in May-June.

In many areas of many states of the country, the temperature has shot up to 38-40 degree Celsius. Although 31-34 degree temperature is average. Along with the maximum, the minimum temperature has also increased, as a result warm clothes and blankets-quilts have been put in sun-exposed boxes and fans have started running in most of the houses. This is the deadliest effect of climate change. Now the winter season has become symbolic. Most of the weather remains hot.

Even the mountains have come under the grip of heat. The temperature in the hilly states has also started becoming abnormal. Incidentally, it should be mentioned here that nowadays there is a situation of severe flood in the desert areas of Jordan and Arab countries. In Jordan, about 75 percent of the area is desert.

These countries yearn for rains, but now floods are taking a lot. European countries are relatively cold, so the practice of fan-AC in their homes and workplaces is nominal, but there have been so many changes in the weather that now fans are being bought and installed.

Climate-change talk, concerns or warnings are not limited to a few global forums. Now this change has also started unbalancing the existence of man. Of course, serious efforts are being made at the international level to reduce carbon emissions and save the earth through the environment, targets have also been set, but the consequences of climate and weather change are in front that February itself has started heating up.

Since India is an agricultural country, agriculture is an important component of our economy, so it is natural for us to be worried. If the temperature continues to rise, not only wheat, but also barley and mustard crops can be adversely affected. Wheat grain can remain half-incomplete. Yellow rust disease can also occur and there is a possibility of reduction in production up to 15 percent. Wheat production was 106 million tonnes in March last year due to high temperature.

This was the lowest production in 15 years, as a result of which a ban had to be imposed on the export of wheat in May 2022. Under Pradhan Mantri Garib Kalyan Anna Yojana, rice was distributed by reducing the amount of wheat in the free food grains being distributed to more than 81 crore people. By the way, no clear crisis of wheat has come to the fore.

This year, the Ministry of Agriculture estimates that the wheat production could be 112 million tonnes. It is obvious that the total production of the country will also be less. Of course climate and weather changing conditions can affect a lot.

If this trend continues every year and February continues to heat up like this, then the situation of food crisis can also arise, because India is a country with a population of more than 140 crores and food security law is also in force. Experts of Agriculture and Meteorological Departments are reaching out to the common farmer and advising him how to save the crops.

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# One year of the Ukraine war, it is necessary to stop this war that has a bad effect on the people of the whole world.

Russia's invasion of Ukraine is nearing one year, but the war shows no signs of ending. The kind of statements made by the US President and the Russian President against each other in the past days, there is no possibility of this war ending any time soon. On the contrary, the tension arising out of this war seems to be increasing. America




has warned China on the preparation of arms to Russia, but it doesn't seem to care about it. Don't know at what point this war will reach, but it is the right time for Russia to consider what it got by attacking Ukraine? The way it is forced to continue its attacks on Ukraine, it is clear that it has not been able to achieve the goals it had set. It may have captured parts of Ukraine, but it is not clear whether it will be able to keep them, as Ukrainian forces fight Russian forces with military support from the US and its NATO-led alliance It is clear that there is no possibility of ceasefire in this situation. Just as Russia is pouring its resources into the war, so are Ukraine and its NATO allies. Both sides are blaming each other, but no one is trying to end this war through dialogue. Just as Russia does not understand what it stands to gain by annexing parts of Ukraine, Ukraine is unwilling to recognize that it is virtually a pawn of the West. The Russia-Ukraine war has not only affected these two countries, but has affected the whole world including Europe. Not only did the food crisis arise due to this war, the supply of many other essential commodities was also affected. Due to this, the prices of all the essential commodities have increased all over the world. This war has not only caused loss of life and property in Ukraine, but in one way or the other has affected people all over the world. Everyone accepts this crisis arising before humanity, but no one is coming forward to emphasize that there is a need to stop the war. The way the United Nations appeared helpless in stopping this war is a matter of concern. It would be appropriate that India, as the chairperson of the G-20 group, explores the possibilities that can end this war.

# The world of books is eternal

There is good news for book lovers. After almost three years, the World Book Fair is going to be organized at Pragati Maidan from February 25 to March 5, 2023. The main theme of the fair is based on the Amrit Mahotsav of Independence. The journey of 50 years of this World Book Fair is also going to be completed this year. Earlier it could not be organized for two years due to the Corona crisis, while in 2021 this World Book Fair was organized in virtual mode. Today it is a great irony that the young generation is engrossed in mobiles and books are waiting for them. More and more youth should visit and buy books in the fair. This will boost the morale of writers and publishers. Also, the new generation will not get any direction. Because the world of books is eternal. They never disappoint you. Every book communicates with you. She talks about the past, about the world, about human beings, about today, tomorrow, every single moment. They become a part of your mind in one way or the other and affect your personality. Creates a permanent feeling in the mind, which never ends. Books are the quietest of friends, wisest and most patient of teachers. No one can be a more honest friend than a book and that too a friend who never fights or gets angry. Books are our biggest friends. We should always give place to good books in our life. Books are our source of inspiration. Mahatma Gandhi also used to take inspiration by reading Bhagavad Gita. Books increase our power of thinking and understanding. The first introduction to books takes place in the school and then throughout life this introduction becomes so deep that books become the best friends. No matter how much the world changes. The world of these books will remain intact forever. It is like a childhood friend. As soon as you start liking books, they become active in the promotion of your knowledge, education and ability. It is only books by reading which we take care of ourselves and society as a doctor, engineer, teacher, professor, lawyer, that you can learn a lot through them. Books are a wonderful source of knowledge and through them you can understand the philosophy of the cultures of those parts of the world where you have not been able to reach. Sometimes it even decides the direction and condition of life. Changes the thinking. It never leaves you alone. Also it does not always want anything in return. Books expand thinking. Confidence increases. It is books that introduce us to the best thoughts and thinkers of the world. Through these books you take an infinite journey through the pages. That's why it is necessary to befriend books. Read them and promote such culture.

# RBI Governor Shaktikanta Das said in the G20 meeting - Global economy has improved, there is less hope of deep recession



RBI Governor Shaktikanta Das on Friday called upon the G20 countries to resolutely address the challenges facing the global economy such as financial stability and debt distress. At a meeting of G20 finance ministers and central bank governors, Das said the global economy has improved in the last few months and it is now expected that the world will not go into a major recession. Only growth will slow down or there will be a small recession. Challenges will have to be solved together- Das further said that challenges will still remain before us. In the medium to short term, we must together address any threats to climate finance, financial stability and the debt crisis.

We have to establish a path of strong, sustainable, balanced and inclusive growth for greater global economic cooperation and global economy. Let us tell you that the first meeting of Finance Ministers and Governors of Central Banks of the G20 Conference to be chaired by India is being held. G20 countries can bring a big change in the world - In the G20 meeting, Finance Minister Nirmala Sitharaman said that the G20 conference to be chaired by India will focus on finding holistic solutions to major global challenges. G20 countries can change lives around the world by leveraging the strengths of the members, understanding the needs and circumstances. It can be an incubator of new ideas.

# Having trouble withdrawing money from EPF account? Is there any reason for this, immediately do this work online

Employees' Provident Fund Organization (EPFO) has made it mandatory for all its members to add nominees to their accounts. If you also work in the formal sector and have not yet done E-Nomination in your EPFO account, then you may face inconvenience in doing many important things from withdrawing money. Nominee in EPFO benefits of adding-After adding a nominee to EPFO, you can easily withdraw your PF money online. On e-nomination in EPFO, you get online insurance of seven lakh rupees. In case of any untoward incident, your family gets financial assistance of Rs.7 lakh. A major advantage of e-nomination is that claim settlement also becomes paperless and online. Disadvantages of not adding a nominee to EPFO – If an account holder does not add a nominee, then he/ she will not be able to take advantage of the facilities provided by EPFO. Difficulties will have to be faced. You cannot withdraw money for anything other than medical. In such a situation, if you want to avoid these problems, then immediately file an e-nomination in the EPFO ??account by following the steps given below. Do e-nomination in the EPF account like this. For e-nomination, first of all you have to go to the EPFO website and enter the UAN number and You have to login with the help of password. After this, go to the Manage tab and click on e-nomination. The e-nomination page will open and all the information has to be filled. Then submit all the information along with the photo and save it. On the other hand, if you want to fill the names of more than one nominee, then click on the add button. If more than one nominee has been added, click on Nomination details and specify the share of the nominee. After that click on Save EPF Nomination. After this, one has to click on e-sign to generate OTP. Then submit the OTP received on the Aadhaar linked mobile number. Your e-nomination will be completed.

# एफ0पी0ओ0 संगठनों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी में विभिन्न स्टालों का मण्डलायुक्त द्वारा अवलोकन किया गया



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद - पंचायत भवन में आज कृषि और प्रसंस्करण खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के सौजन्य से कृषि उपज निर्यात प्रक्रिया एवं संभावनाएं विषय पर प्रगतिशील कृषक एवं कृषक उत्पादक संगठनों के पदाधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। पंचायत भवन प्रांगण में विभिन्न एफ0पी0ओ0 संगठनों एवं विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया तथा एफ0पी0ओ0 संगठनों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी में विभिन्न स्टालों का मण्डलायुक्त द्वारा अवलोकन किया गया।

इस अवसर पर मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य खाद्य पदार्थो को प्रोत्साहित करना है, लोग अपने बच्चों के खाने-पीने एवं स्वास्थ्य को लेकर काफी गंभीर रहते हैं, लोगों का विश्वास मार्केट में खाने पीने की चीजों से धीरे-धीरे टूट रहा है, जिसके लिए एफ0पी0ओ0 शुद्धता के साथ विभिन्न उत्पादों के साथ सबके सामने आ रहे हैं, उसका विश्वास को जगाने के लिए बहुत अच्छा कार्य रहे हैं। उन्होंने बताया कि एफपीओ की बैठक छोटे स्तर से की थी आज जो युवा लड़के एफपीओ बनाकर कार्य कर रहे हैं उन्होंने बेहतर प्रयोग किए है, बल्कि हर क्षेत्र में खाद्य पदार्थो पर भी अच्छा कार्य किया है।

पूर्व में जो कृषि योजना बनाई थी अब फलीभूत होने की तरफ है, यंग लीडरशिप कृषि को बहुत आगे लेकर जाएगी। हमारा भविष्य कृषि है, स्वास्थ्य के लिए जरुरी है कि शुद्ध खाये, शुद्ध पिये, हम खाद्य पदार्थो में ही नही बल्कि दुग्ध के क्षेत्र में भी आगे बढकर मण्डल को विकास की ओर अग्रसर करेंगे।



पंचायत प्रांगण में बिजनौर फार्मर फूड कंपनी, रामपुर कृषक फार्मर पोड्यूशर कंपनी, बीज आर्गेनिक बिजनौर, देवस एग्रोटेक इंडस्ट्रिज, सम्भल स्वर्णिम फार्मर पोड्यूशर कंपनी, यश कृषि उत्पादन समिति बिजनौर, अमरोहा कृषक विकास प्रोड्यूशर कंपनी, साथी किसान इण्टरप्राईजेज अमरोहा, प्रोजेक्ट स्नेह आर्गेनिक ग्रुप मुरादाबाद, फैमिली फार्मर मुरादाबाद, धरा एग्रो प्रोड्यूशर कंपनी लि0 मुरादाबाद, रामपुर रॉयल हनी फेड प्रोड्यूशर एफपीओ के स्टाल तथा पशुपालन विभाग, गन्ना विकास विभाग, तथा उद्यान प्रसंस्करण विभाग के स्टाल लगे हुये थे। इस अवसर पर अपर आयुक्त बी0एन0 यादव, संयुक्त निदेशक कृषि, उप निदेशक कृषि, उप निदेशक उद्यान एवं विभन्न संबंधित विभागों के अधिकारी तथा कृषि वैज्ञानिक एवं प्रगतिशील कृषक सहित एफपीओ प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# स्मार्ट सिटी का मतलब है मुरादाबाद में हर चीज स्मार्ट तरह से होगी


## उद्योग हित में पूरे शहर को नया स्वरुप दिया जायेगा-कमिश्नर

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद -मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने कमिश्नरी सभागार में आयोजित मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एजेण्डा के बिन्दुओं पर विस्तार से वार्ता उपरान्त कुछ बिन्दु सुलझाये जा चुके हैं और शेष को जल्द ही सुलझा लिया जायेगा, कुछ नये बिन्दु उठाये गये हैं, जिसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर के मामले ज्यादा है, आर्टीजन के मामलों पर कुछ पर काम हो रहा है और बाकी मामलों में हम टीम लगाकर, सर्वे कराकर उस पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा एकदम साफ है, उद्योगों को बेहतर करने के लिए जो भी कार्य जरुरी होंगे उन सब पर कार्य किया जायेगा और उद्यमियों की समस्याओं को एक सिंगल विण्डों के माध्यम से निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उद्योगों की बेहतरी के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर का ठीक होना जरुरी है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी का मतलब मुरादाबाद में हर चीज स्मार्ट तरह से व्यवस्थित होगी। जमीन, एनओसी, फायर आदि की समस्या है तो बताये समस्या का हर संभव निस्तारण किया जायेगा। उन्हों‍न कहा कि कोई बाहरी व्यक्ति भी मण्डल में निवेश की इच्छा रखता है तो इसको भी हर संभव सहायता उपलब्ध करायी जाएगी। किसी भी उद्यमी को दौड़ने या चक्कर लगाने की आवश्यकता नही होगी। आयुक्त ने कहा कि सड़कों पर तेजी के साथ कार्य होगा और अतिक्रमणमुक्त होंगी।कमिश्नर ने उद्यमियों से कहा कि उद्योग विकास हित में मुरादाबाद शहर की सड़कों को सुरक्षित बनाने में उद्यमियों का सहयोग अपेक्षित है। आयुक्त ने बैठक में उद्योगों के माध्यम से नये रोजगार विकसित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए मण्डल के चहुंमुंखी एवं संतुलित औद्योगिक विकास की कार्यवाही के भी निर्देश दिए। बैठक में रामपुर रोड एकता विहार कबीरनगर, काशीपुर तिराहा पर पानी निकासी हेतु आरसीसी नाले का निर्माण कराये जाने के संबंध में सचिव एमडीए द्वारा अवगत कराया गया कि जीरो प्वांइट से राजकिरन इंटर कालेज तक स्थल पर उपलब्ध सड़क की चैडाई 4.60 से 6.50 मीटर है। इस सडक के दोनों ओर स्थित भूखण्ड/खेत स्वामियों से सडक की चैडाई न्यूनतम 12 मीटर करने हेतु वार्ता की जा रही है। मोहम्मदपुर वस्तौर संभल रोड मुरादाबाद नाले का निर्माण के संबंध में आयुक्त ने एमडीए को निर्देशित किया कि उक्त का सर्वे कर आवश्यक कार्यवाही करें। जनपद मुरादाबाद में ई0एस0आई0 हास्पिटल स्थापित किए जाने के संबंध में संबंधित अधिकारी ने अवगत कराया कि ग्राम मैनाठेर से प्रस्तावित स्थल को कर्मचारी राज्य बीमा निगम मुख्यालय द्वारा गठित साइट सलेक्शन समिति द्वारा उपयुक्त नही पाया गया है तथा इस संबंध में अन्य भूखण्ड तलाशने हेतु उपजिलाधिकारी सदर से वार्ता की गयी है। जनपद सम्भल में गंगा एक्सप्रेस मार्ग के पास इंडस्ट्रियल एरिया स्थापित किए जाने के संबंध में यूपीएसआईडीसी के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी सम्भल से एक्सप्रेस मार्ग के पास ग्राम खिरनी/पवासा/ग्राम अतरासी एवं ग्राम जंगलपुर में भूमि की जानकारी गाटा संख्या साहित चाही गयी है, ताकि यूपीसीडा की कमेटी द्वारा उक्त स्थल का भ्रमण किया जा सके। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन बी0एन0 यादव, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, अधीक्षण अभियन्ता पीडब्ल्यूडी, सी0ओ0 टैअफिक, मुख्य अभियन्ता विद्युत, सहायक आयुक्त उद्योग, सचिव एमडीए, लीड बैंक अधिकारी, अग्नि शमन अधिकारी, परियोजना प्रबन्धक जल निगम, सहित सेतु निगम, एन0एच0ए0आई0, विद्युत व अन्य विभागों के अधिशासी अभियन्तागण तथा मुरादाबाद मण्डल के विभिन्न विभागों के मण्डलीय अधिकारी एवं निर्यातक संगठनों, हस्तशिल्प एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। बैठक का संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार ने किया।

# दुल्हन का काटा गला: प्रेमिका की शादी से आहत युवक ने समारोह में काटी गर्दन, कहा-तू मेरी नहीं हुई तो मैं किसी

मुरादाबाद से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां प्रेमिका की शादी से आहत युवक ने नई नवेली दुल्ह के गले पर ब्लेड से वार कर दिया। दुल्हन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। मुरादाबाद के कुंदरकी में प्रेमिका की शादी से आहत युवक अपनी प्रेमिका के घर पहुंचा और सैकड़ों लोगों के सामने प्रेमिका की गर्दन के पास ब्लेड से वार करते हुए बोला, जब तू मेरी नहीं हो सकी तो तुझे किसी और की भी नहीं होने दूंगा। प्रेमी ने प्रेमिका की गर्दन पर वार कर उसे लहुलूहान कर दिया और वहां से फरार हो गया। दो दिन पहले ही प्रेमिका की शादी हुई थी। इस समय युवती की हालत गंभीर है। वह मौत और जिंदगी के बीच जूझ रही है। मुरादाबाद के कुंदरकी नगर के मोहल्ला नूरुल्ला में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के निकट के रहने वाले शकील अहमद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती 19 फरवरी 2023 को उसने बड़ी बेटी की शादी की थी। मंगलवार देर शाम



उसकी नव विवाहिता बेटी अपने बहन आलिया, इकरा, नेहा और रूबी मोहल्ले में ही शादी समारोह में खाना खाने गई थीं। इसी बीच मोहल्ले का ही यासीन भी शादी समारोह में घुस आया। यासीन ने उसकी गर्दन पर चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बोला कि जब तू मेरी नहीं हुई तो मैं किसी और की भी नहीं होने दूंगा। हमले में बचाव के दौरान आलिया भी जख्मी हुई है। इस समय गंभीर रूप से घायल युवती का मुरादाबाद के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष ललित चौधरी ने बताया कि आरोपी यासीन निवासी मोहल्ला नूरुल्ला कस्बा कुंदरकी के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरूकी जारी है। आरोपी की तलाश में पुलिस की दो टीमें ताबड़तोड़ दबिशें दे रही हैं। पुलिस आरोपी के परिजन और रिश्तेदारों से भी पूछताछ कर रही है। साथ ही सर्विलांस की मदद से फरार ऑटो चालक के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस करने में जुटी है। वहीं जख्मी आलिया का मेडिकल परीक्षण कराया है। इस दुस्साहसिक वारदात के दौरान गर्दन पर वार करने से घायल हुई युवती को उसकी छोटी बहन आलिया ने ही संभाला था।

### गर्दन पर घाव है गहरा, खाना पीना हुआ बंद

नव विवाहिता युवती की गर्दन पर चाकू के वार से गहरा घाव हुआ है। उसका इलाज चल रहा है। हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। परिजनों ने बताया कि गर्दन पर गहरा और लंबा घाव है। इसी वजह से डॉक्टर ने युवती को कुछ खाने पीने और बोलने से मना किया है ताकि जल्द से जल्द से घाव भर सके।

### मजिस्ट्रेट ने पीड़िता के बयान किए, सीओ भी पहुंचीं

मुरादाबाद के निजी अस्पताल में इलाज करा रही घायल युवती के मजिस्ट्रेट ने बयान रिकॉर्ड किए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी सलोनी अग्रवाल ने भी अस्पताल पहुंच कर पीड़िता के स्वास्थ्य की जानकारी ली है। पीड़ित परिवार को प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मातम में बदली खुशियां: मुरादाबाद में तेज रफ्तार का कहर, कैंटर ने बाइक में मारी टक्कर, पति-पत्नी की हुई मौत

मुरादाबाद-हादसे के बाद लोग मौके पर जुटे और पुलिस को सूचना दी लेकिन उससे पहले ही चालक कैंटर छोड़कर भाग गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संदीप कुमार मीना ने बताया कि दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए गए हैं। कैंटर कब्जे में ले लिया गया है। मुरादाबाद के बिलारी थानाक्षेत्र में मुरादाबाद आगरा



हाईवे पर शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार गफ्फार अमद ( 55 ), उनकी पत्नी शमीम जहां ( 52 ) की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर कैंटर खड़ा करने के बाद चालक भाग निकला।

बिलारी के तेवरखास निवासी गफ्फार अहमद के बेटे रिजवान की ग्यारह मार्च को शादी होनी है। गफ्फार और उनकी पत्नी शमीम जहां बेटे की शादी की तैयारियां में जुटे थे।

शुक्रवार सुबह गफ्फार अपनी पत्नी को साथ लेकर बहजोई स्थित ससुराल में कार्ड बांटने जा रहे थे। इनकी बाइक बिलारी क्षेत्र में सहसपुर पुलिस चौकी के पास पहुंची। इसी दौरान सामने से आ रहे कैंटर ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे के बाद लोग मौके पर जुटे और पुलिस को सूचना दी लेकिन उससे पहले ही चालक कैंटर छोड़कर भाग गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संदीप कुमार मीना ने बताया कि दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए गए हैं। कैंटर कब्जे में ले लिया गया है। मौके से भागे चालक की तलाश में पुलिस लगी है। तहरीर के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है।

# जनता की समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी - राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है के धनीपुर वार्ड नंबर 36 धनीपुर क्षेत्र में नगर निगम के अधिकारी नालियों की सफाई कराएं नालियों में काफी गंदगी भरी पड़ी है कोशिक कर्मचारी आते हैं स्कूल के आस-पास झाड़ू लगा कर के चले जाते हैं और सूचना नगर निगम में पूरे धनीपुर की देते हैं यह इतनी बड़ी लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि इस संबंध में कई बार नगर निगम के अधिकारियों को यहां की जनता की समस्या के बारे में अवगत करा चुकी है लेकिन जनता की समस्याओं की नगर निगम में अनदेखी की जा रही है जबकि सरकार का पूरा आदेश है नगर निगम के क्षेत्र में हो या ग्रामीण क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त होने चाहिए सफाई व्यवस्था पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए यह सब सरकार का आदेश है अधिकारियों को नगर निगम के अधिकारियों को उस आदेश का पूरा पालन करना चाहिए नगर आयुक्त से अनुरोध करता हूं कि धनीपुर में सफाई कर्मचारी तत्काल भेजे जाएं और नालियों की सफाई कराई जाए नालियों में कीचड़ भरी हुई है नगर निगम के कर्मचारी अधिकारी समझ ले उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है जनता की समस्या की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी सफाई व्यवस्था पर धनीपुर में तत्काल आदेश जारी हो

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# सड़क पर घूम रहे छुट्टा गोवंश से टकराकर बाइक सवार दो युवकों की मौत



हारुन बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
फर्रुखाबाद- आपको बताते चलें की नाला मछरट्टा निवासी गैलेक्सी इंस्टीट्यूट आफ कंप्यूटर सेंटर के डायरेक्टर ऋषभ शर्मा व उनके साथी अमित कुमार बाइक सवार दोनों की गाय से बाइक टकरा जाने से मौत हो गई ऋषभ शर्मा पुत्र लवलेश शर्मा उम्र 35 वर्ष वही अमित कुमार पुत्र सोबरन सिंह की उम्र लगभग 36 वर्ष की थी गुरुवार के दिन यह दोनों युवक फर्रुखाबाद से बदायूं के लिए एक ही बाइक पर एक साथ बाइक पर सवार होकर निकले थे

बदायूं से घर के और लौटते समय रास्ते में उसावां थाना क्षेत्र पास ग्राम मंसानगला सड़क पर अचानक गाय आने से दोनों युवक गाय से टकरा गए हेलमेट ना पहने होने के कारण सर के बल गिरने से सर में चोट आने के कारण अमित कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी पुलिस ने दूसरे युवक ऋषभ शर्मा को जिला अस्पताल भेजा जहां डाक्टरों ने उसे भी मृतक घोषित कर दिया मृत्य के दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं

व परिवार को घटना के बारे में जब पता चला तो घर व परिवार वालों में दुखों का मातम छाया हुआ है

# करंजी पुलिस चला रही सघन चेकिंग अभियान, संदिग्धों वाहनों की हो रही लगातार चेकिंग

## अपराधियों और बदमाशों पर शिकंजा कसने पुलिस अलर्ट- संजय गोस्वामी



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
सूरजपुर-दतिमा मोड़- अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश पर करंजी पुलिस लगातार रात्रि में क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों पर करंजी चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी द्वारा पुलिस बल के साथ भ्रमण कर वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मार्ग से निकलने वाले वाहनों को रोक संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग डोर टू डोर की जा रही। जिससे क्षेत्र के अराजक तत्वों में हड़कंप मचा रहा। लगातार चलाई जा रही अभियान से रात के समय सड़क पर दौड़ने वाले वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच व पूछताछ साथही दोपहिया, चार पहिया वाहनों की डिक्की खोलकर देखा जा रहा। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों, सुनसान इलाके की जांच की जा रही है। इस चेकिंग अभियान के दौरान चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी ने कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाने तथा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के अभियान चलाए जा रहे हैं। जिनमें पुलिस को कई सफलताएं भी मिलती है। इस अभियान का मुख्य कारण यह है कि कई बार चेकिंग के दौरान वांछित अपराधी भी पुलिस की गिरफ्त में फंस जाते हैं। आगे भी इस तरह का चेकिंग अभियान जारी रहेगा।अपराधियों और बदमाशों पर शिकंजा कसने पुलिस लगातार अलर्ट है।

### चौकी क्षेत्र के मुख्य मार्गों का पुलिस ने किया भ्रमण

करंजी पुलिस प्रतिदिन सड़कों पर गश्त करती नजर आ रही है। रात में पुलिस ने दतिमा चौक, नावापारा चौक, धरतीपारा, खोपा चौक, बतरा चौक, सोनपुर, सुदामानगर, खरसुरा, राई मुख्य चौराहा आदि मार्गों का भ्रमण किया। मोहल्ले-बस्तियों में भी घूमकर रास्ते में मिलने वाले नागरिकों से सीधा संवाद किया।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किया गया जागरूक

क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बरकरार रखने के लिए सतर्कता बरत रहा है। प्रतिदिन पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग आदि की जा रही है। रात में भी दर्जनों वाहनों की चेकिंग की गई। लोगों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

# शांति भंग के आरोप में 12 व्यक्तियों को किया गया पाबंद

अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश मे जनपद के विभिन्न थानों द्वारा शांतिभंग करने के आरोप में कुल 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर पाबंद कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस द्वारा बैरियर/चेक पोस्ट पर चेकिंग की जा रही है। जिसके अन्तर्गत विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों को चेक किया गया तथा 70 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान कर रू0 1,28,500 शमन किया गया।
पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी भिनगा/इकौना के नेतृत्व में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा कस्बा/क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत पैदल गस्त कर व्यापारियों व आमजन से वार्तालाप कर सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

ताज़ा खबरों के लिए देखे
www.knlslive.com

# नए बजट से होगा स्टेशन का कायाकल्प, आलू भाड़े को मिलेगी किसान रेल-सांसद



हारुन बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
फर्रुखाबाद- भाजपा मुकेश राजपूत सांसद ने आज दोपहर लकूला रोड स्थित भाजपा नेता जितेंद्र सिंह के रेडिएंट हॉस्पिटल में मीडिया से वार्ता की। श्री राजपूत ने बजट की प्रमुख उपलब्धियों का गुणगान करते हुए कहा की बजट में 10 लाख करोड़ इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए रखा गया। जिससे देश में व्यापक विकास होगा और नौजवानों को रोजगार भी मिलेगा। श्री राजपूत ने बताया कि विश्व में भारत ही ऐसा अकेला देश है जहां की जीडीपी बढ़ रही है। अब तो पाकिस्तान के नौजवान भी अपने यहां मोदी जैसा प्रधानमंत्री चाहते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में 66% बजट की वृद्धि की जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी लाभार्थी इस योजना में संतृप्त हो चुके हैं। पुनः सर्वे में सभी छत विहीन लोगों को आवास दिए जाएंगे। रेलवे विभाग को 2.40 लाख करोड़ के प्रावधान की जानकारी देते हुए बताया कि यह धनराशि वर्ष 1913-14 के मुकाबले 9 गुना अधिक है। देश में एयरपोर्ट जैसे कई रेलवे स्टेशन एयर कंडीशनर बनेंगे। मैंने स्वयं इस तरह के 2 रेलवे स्टेशन देखे हैं अमृत भारत रेल योजना में 1261 रेलवे स्टेशनों को शामिल किया गया है जिसमें फर्रुखाबाद की भी स्टेशन शामिल है। अब अच्छे ढंग से स्टेशन विकसित की जाएगी स्वचालित सीढ़ी लगेगी। सीमेंटेड रेलवे ट्रैक बनेंगे ट्रैक पर पत्थर के टुकड़े नहीं डाले जाएंगे। भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने बताया कि जिले के आलू का निर्यात कराने का प्रयास किया जाएगा।

आलू की सरकारी खरीदारी की जाएगी बाहर की मंडियों में आलू को भेजने के लिए किसान रेल मिलेगी इसके लिए रेल मंत्री से बातचीत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग को विभाग के 157 महाविद्यालयों में नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे देश में पैरामेडिकल स्टाफ की कमी दूर हो जाएगी। उन्होंने बताया मोटे अनाज की पैदावार बढ़ाने के लिए बेहतर किस्म के बीज तैयार किए जा रहे हैं। अब सेप्टिक टैंक एवं नालों की मानव रहित मशीनों से सफाई की जाएगी। भाजपा सांसद ने बताया कि मैंने डाक घर योजना में ब्याज में वृद्धि किए जाने की मांग की थी। सरकार ने इस मांग को मंजूर कर डाकघर के ब्याज में 1त्न बढ़ोतरी की मंजूरी दे दी है। अब वरिष्ठ नागरिकों को भी 8.50त्न ब्याज मिलेगा महिला सम्मान योजना योजना में 2 लाख के बचत पत्र पर 7.50% ब्याज मिलेगा। आयकर की सीमा 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख किए जाने से लाखों लोगों को फायदा होगा।

श्री राजपूत ने बताया कि विपक्ष के साथ ही विश्व में भी बजट की सराहना की जा रही है। उन्होंने बताया कि सूबे के मुख्यमंत्री द्वारा नलकूप किसानों को मुफ्त में बिजली दिए जाने से किसानों को प्रति वर्ष 30 से 35 हजार तक का फायदा होगा। एबीपी न्यूज़ के सवाल के जवाब में सांसद श्री राजपूत ने बताया की एक पखवारे में किसान रेल उपलब्ध हो जाएगी

मंडी में पक्का आलू आने पर आलू की सरकारी खरीद होगी। वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता हिमांशु गुप्ता जितेंद्र सिंह मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, संजीव गुप्ता सांसद के निजी सचिव अनूप मिश्रा मौजूद रहे। वार्ता के बाद मीडिया कर्मियों को भोजन खिलाया गया।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का किया गया निरीक्षण



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड परेड की सलामी ली गई तथा परेड का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई। परेड पर उपस्थित कर्मचारियों से एक-एक कर ड्रिल कराई गई। सभी को ड्रिल कमांड सीखने के लिए बताया गया। ड्रिल देखकर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रतिसार निरीक्षक लाइन को निर्देशित किया व अन्य महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन निरीक्षण के दौरान क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, डीसीआर शाखा, मालखाना स्टोर, जिम हॉल आदि का निरीक्षण किया गया, जिम हॉल को अतिआधुनिक करने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आरक्षी बैरक तथा पुलिस लाइन आवास के आस-पास साफ-सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष ध्यान देने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया इस दौरान क्षेत्राधिकारी भिनगा/नगर श्री अतुल कुमार चौबे, प्रतिसार निरीक्षक श्री विनोद कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# पीड़िता ने थाना मल्हीपुर में तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती-सइना पुत्री फैय्याज निवासी बंदरा निवासी ने थाना मल्हीपुर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जो गाँव गजोवरी के निवासी सन्दीप पुत्र राधे जो समय लगभग 11 बजे रात की है। अकेले प्रार्थनी बरामदे में सो रही थी। प्रार्थनी कि माँ बगल के कमरे में सो रही थी। तथा प्रार्थनी के पिता घर पर नही थे। सन्दीप पुत्र राधे घर मे घुस कर हाथ पकड़ कर घसीटने लगा। जोर से शोरगुल करने लगी मौके से विपक्षी फरार हो गया इस सबन्ध में थाना मल्हीपुर में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# बीबीगंज चौकी क्षेत्र व बजरिया चौकी क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया



हारुन बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
फर्रुखाबाद- पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में थाना मऊ दरवाजा प्रभारी निरीक्षक अमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में बीबीगंज चौकी इंचार्ज किरन पाल नागर व बजरिया चौकी इंचार्ज दिलीप कंचन समस्त स्टाफ के साथ बीबीगंज चौकी क्षेत्र व बजरिया चौकी क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया वही क्षेत्र में बीबीगंज चौकी इंचार्ज ने क्षेत्रवासियों को आगमन त्यौहार शबे बरात व होली को लेकर लोगों को जागरूक किया बजरिया चौकी इंचार्ज ने कहा क्षेत्र में किसी किस्म की खुराफात करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा तत्काल प्रभाव से उस पर कार्रवाई की जाएगी

# शैक्षिक वातावरण प्रभावित करने व अन्य आरोप में दो शिक्षक निलंबित

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
अलीगढ़ - शैक्षिक वातावरण प्रभावित करने सहित अन्य आरोपों में दो शिक्षक निलंबित कर दिए गए। यह कार्रवाई जांच आख्या पर बीएसए ने की है। विकासं खंड धनीपुर के कंपोजिट विद्यालय सैहोर के प्रभारी प्रधानाध्यापक राधारमण उपाध्याय पर आरोप है कि उन्होंने मध्यान्ह भोजन योजना संबंधी उपभोग ऑनलाइन फीड नहीं किया है। शैक्षिक वातावरण भी प्रभावित कर रहे हैं। योजना के जिला समन्वयक की जांच आख्या पर निलंबित करके प्राथमिक विद्यालय गिरधरपुर से संबद्ध कर दिया। उधर, विकास खंड चंडौस के उच्च प्राथमिक विद्यालय नवाबपुर के सहायक अध्यापक सुधीर कुमार गौड़ के जिला कारागार में निरुद्ध होने के कारण कार्रवाई किए जाने की संस्तुति पर सुधीर कुमार को बीएसए ने निलंबित कर दिया।

# रस्सी से पिता का पहले दबाया गला, शव को बोरे में बंद कर संदूक में छिपाया, बेटा गिरफ्तार

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
अलीगढ़ - अतरौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला हर्जी में बेटे ने जमीन के विवाद में अपने ही पिता की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी। शव को बोरे में बंद कर संदूक में छिपा दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसकी निशानदेही पर शव को भी बरामद कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव नगला हर्जी निवासी डोरीलाल ( 50 वर्ष ) किसान थे। उनके एक बेटा और पांच बेटियां हैं। सभी की शादी हो चुकी है। डोरीलाल पर 40 बीघा जमीन थी। इसमें से वह करीब 34 बीघा जमीन बेच चुके हैं। इसे लेकर उनका अपने बेटे जगदीश से अक्सर झगड़ा होता था। जगदीश उन पर जमीन न बेचने के लिए दबाव बनाता था। डोरीलाल की बेटी सुषमा व बहन गांव विधिपुर में ब्याही हैं। इसी वजह से वह विधिपुर में रहते थे। को जगदीश अपनी पत्नी के साथ विधिपुर गया और अपने पिता को वहां से गांव बुला लाया। जगदीश ने डोरीलाल की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी और शव को बोरे में बंद करके संदूक में डाल दिया। इसके बाद वह उनकी स्कूटी लेकर घर से चला गया। दोपहर से जब पिता-पुत्र घर से बाहर नहीं निकले तो पड़ोस के लोगों को कुछ शक हुआ। कुछ लोगों ने घर में जाकर डोरीलाल को आवाज लगाई तो जगदीश की पत्नी ने मना करते हुए उन्हें घर से निकाल दिया। उसके व्यवहार से लोगों को कुछ शक हुआ तो पुलिस को सूचना दे दी। जिरौली धूम सिंह चौकी से पुलिस डोरीलाल के घर पहुंची तो जगदीश की पत्नी ने पुलिस को घर में नहीं आने दिया। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी विशाल चौधरी और इंस्पेक्टर सुधीर कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घर की तलाशी ली और संदूक में रखे बोरे में बंद शव को पुलिस ने बरामद कर लिया।

### दो माह पहले पिता पर झोंका था फायर

जगदीश दो माह पहले भी डोरीलाल की हत्या की कोशिश कर चुका है। तब डोरीलाल से जमीन बेचने के विवाद में उसका झगड़ा हुआ था और उसने उनको गोली मारने की नीयत से फायर झोंका था, जिसमें वह बाल-बाल बच गए थे। तभी से उन्हें अपनी जान का खतरा था और वह विधिपुर में रह रहे थे। दो साल पहले पत्नी की हो चुकी है मौत डोरीलाल की पत्नी की वर्ष 2021 में कोरोना के चलते मौत हो चुकी है। पत्नी के मौत के बाद डोरीलाल बेहद परेशान रहते थे। तभी से जगदीश उन पर जमीन न बेचने के लिए लगातार दबाव बना रहा था। जमीन के विवाद में जगदीश ने अपने पिता की हत्या की है। पुलिस ने जगदीश को गिरफ्तार कर लिया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। - विशाल चौधरी, सीओ

# प्रधानमंत्री आवास योजना में रोजाना मिल रहे हैं अपात्र, हो रही जांच

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- प्रधानमंत्री आवास योजना में गोलमाल रोजाना मिल रहे है। जांच कराने पर कहीं ना कहीं अपात्र मिल ही जाते हैं। ऐसे में अब पूरे जिले के प्रधानमंत्री आवास योजना की जांच कराई जा रही है। इसके लिए अधिकारियों की टीमें लगाई गई हैं। जांच रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी। अब तक 50 से अधिक अपात्र मिल चुके हैं। गुरुवार को सीडीओ डॉ. अवधेश कुमार बाजपेयी एवं पीडी निर्मला कुमार द्विवेदी संयुक्त रूप से बताया कि पीएम आवास योजना का लाभ केवल पात्रों को मिले इसके लिए जिले की सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों एवं सूचियों की बारीकी से जांच कराई जा रही है। सूचियों की जांच में डीपीआरओ सहित अन्य अधिकारियों को लगाया गया है। अधिकारी ग्राम पंचायतों में पहुंच कर लाभार्थियों का सत्यापन कर रहे है। फर्जी लाभार्थियों का नाम सूची से डिलीट कराया जा रहा है। इसके साथ ही दोषी पाए जाने वाले अपात्र लाभार्थियों, ग्राम प्रधान एवं सचिव के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार की महत्वर्ण योजना में पारदर्शिता लाने के लिए यह कार्य कराया जा रहा है। फर्जी आवास मामले में सचिव निलंबित, प्रधान को नोटिस गुरुवार को सीडीओ




ने बताया कि पीएम आवास योजना का अपात्रों को लाभ दिलाए जाने के संबंध में सकीट ब्लॉक की ग्राम पंचायत इशारा पूर्वी के सचिव बलराम सिंह यादव को निलंबित किया गया है। इसके साथ ग्राम प्रधान मनीषा यादव को नोटिस भेज स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत चुनाव से पूर्व बनाई गई पीएम आवास योजना की लिस्ट में ग्राम प्रधानों और सचिवों ने मनमाने ढंग से अपात्रों के नाम को सूची में शामिल कराए थे। जो कि अब सामने निकल कर आ रहे है। पीएम आवास योजना में 45 अपात्र योजना का लाभ ले चुके है। जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### प्रधानों ने विकास भवन और सकीट ब्लॉक कार्यालय पर किया हंगामा

पीएम आवास योजना में मिलने वाले अपात्रों के संबंध में ग्राम प्रधानों पर प्रशासनिक कार्रवाई होने के कारण गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने सकीट स्थित ब्लॉक कार्यालय पर जमकर हंगामा काटा। वही बीडीओ कार्यालय में ताला लगाने की भी कोशिश की। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले का संभाला। इसके बाद प्रधानों ने विकास भवन पर पहुंच हंगामा किया। प्रशासन द्वारा हो रही कार्रवाई का विरोध किया।

### सेनाकलां की भी हुई शिकायत

डीएम अंकित कुमार अग्रवाल को सकीट ब्लॉक क्षेत्र के गांव सेनाकलां की भी शिकायत दी गई है। आरोप है कि जो आवास दिए हैं उसमें अधिकांश अपात्र है। इनकी भी गंभीरता से जांच कराई जानी चाहिए। सकीट ब्लॉक क्षेत्र में अब तक जो अपात्र मिले है उसमें एक गांव में मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। नगला हरिकिशनपुर में पैसा वापस कराया जा रहा है। जिन लोगों ने अपात्रों को आवास स्वीकृत कर दिए उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# पुलिस ने कराई शादी की रस्म पूरी, पीड़ित ने थाने में दी नामजद तहरीर, मुकदमा दर्ज

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- गाजियाबाद से दलित की बेटी की बारात को गांव के कुछ दंबगों ने चढ़ने से रोक दिया। बेटी के परिजनों ने जब इसका विरोध किया तो मारपीट कर घायल कर दिया। शादी के घर के लोग दहशत में आ गए। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस की निगरानी में बारात चढ़ सकी। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना मारहरा क्षेत्र के गांव लालपुर देहामाफी निवासी रामप्रकाश पुत्र इतवारी लाल की पुत्री की गाजियाबाद में शादी तय हुई थी। धूमधाम से बाराती गांव में बारात लेकर पहुंच गए। गुरूवार की रात्रि बैंड बजना शुरू हुआ तो बाराती नाचने गाने लगे। दूल्हा और बाराती गांव में आगे बढ़े तो गांव के ही दंबगों ने विरोध कर दिया कि बारात गांव में नहीं जाएंगी। इतना ही नहीं बारात को चढ़ने से रोक दिया। बारात ना चढ़ने की बात सुन गांव में दलित समाज के लोग एकत्रित हो गए। उन्होंने बारात चढ़ने के लिए फिर से आगे बढ़ाई तो मारपीट शुरू कर दी गई। गाजियाबाद से आए बाराती यह घटनाक्रम देख डर गए। इसमें करीब आठ दस लोग मारपीट में घायल हो गए। बारात में अफरा-तफरी मच गई। मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस गांव में पहुंच गई। पुलिस फोर्स के बारात को गांव में चढ़वाया। चर्चा है कि पुलिस के चले जाने के बाद लोगों ने फिर से मारपीट कर दी। लड़की पक्ष की ओर से दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया। सीओ सदर सुधांशु शेखर ने कहा कि शिकायत मिलने पर इस मामले में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### इन लोगों को किया नामजद

एटा। रामप्रकाश की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में सात लोगों को नामजद किया गया है। इसमें करू पुत्र मुन्नालाल, विवेक, कौशल पुत्रगण डिप्पी, टिंकू पुत्र राजकुमार, बॉबी पुत्र ओमवीर, टिंकू पुत्र बंटी, शिवम पुत्र वीरेश सिकरवार के नाम शामिल है।

# पुलिस लाइन मे पुलिस कैंटीन के जीर्णोद्धार का किया गया उद्घाटन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा पुलिस लाइन मे पुलिस कैंटीन के जीर्णोद्धार का किया गया उद्घाटन। आज दिनांक 24.02.2023 को रिजर्व पुलिस लाइन एटा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा पुलिस कैंटीन के जीर्णोद्धार का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन/सदर श्री सुधांशु शेखर, क्षेत्राधिकारी जलेसर श्री राघवेंद्र सिंह राठौर,क्षेत्राधिकारी सकीट श्री संगम लाल मिश्रा, क्षेत्राधिकारी अलीगंज श्री विक्रांत द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजकुमार सिंह सिंह,क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री सुनील कुमार त्यागी, प्रतिसार निरीक्षक श्री हरपाल सिंह, एवं अन्य समस्त शाखा प्रभारी व पुलिस बल मौजूद रहा।

# पत्नी का अपहरण कर बनाया बंधक, दुष्कर्म का आरोप

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-पत्नी का अपहरण कर उसे बंधक बना लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत पर आरोपी ने साथियों संग मिलकर हमला कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़िता के पति ने कोर्ट के आदेश से रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली जलेसर के एक गांव निवासी पति ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी पप्पू सिंह निवासी सराय राजनगर नौ अगस्त को पत्नी को ले गया था। आरोप है कि उसे बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। जानकारी होने पर शिकायत की। आरोप है कि आरोपी ने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर पीड़ित पर हमला कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सहायक उपकरण के लिए मूल्यांकन एवं वितरण हेतु वरिष्ठ नागरिकों की बस को हरी झंडी दिखाकर अपर कलेक्टर ने किया रवाना

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




गौरेला पेंड्रा मरवाही- समाज कल्याण विभाग की सहायक उपकरण योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यकता अनुसार छड़ी, चश्मा, कृत्रिम दांत ( डेन्चर ), व्हीलचेयर आदि प्रदाय करने के लिए आज बिलासपुर में संभाग स्तरीय मूल्यांकन एवं वितरण समारोह आयोजित किया गया है। जिले के अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को समारोह में शामिल कर उन्हे लाभांवित कराने के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया के निर्देशानुसार आज सबेरे वरिष्ठ नागरिकों की बस को अपर कलेटक्र श्री बीसी एक्का ने हरी झंडी दिखाकर बिलासपुर के लिए रवाना किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र सिंह अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उप संचालक समाज कल्याण श्री सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि संभाग स्तरीय मूल्यांकन एवं वितरण समारोह में जिले से लगभग 500 वरिष्ठ नागरिकों को ले जाया गया है। वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ परीक्षण एवं उनके परिवार की सहमति से कार्यक्रम स्थल तक लेजाने-लाने के लिए परिवहन आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई है।

# नये सर्किट हाउस का भी निर्माण अगस्त करें पूर्ण - कलेक्टर

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण कर 30 अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश दिए कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने आज पेंड्रा और सेमरा में निर्माणाधीन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल भवनों का निरीक्षण कर 30 अप्रैल तक पूर्ण करने संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिए। उन्होने पेंड्रा में 1 करोड़ 97 लाख रूपए की लागत से लगभग 16 हजार वर्ग फुट में बन रहे दो मंजिले भवन का अवलोकन किया और क्लासरूम, प्राचार्य कार्यालय, स्टॉफ रूम, लैब, लाइब्रेरी, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर प्लास्टर, पुट्टी, पुताई, फिनिसिंग आदि कार्यों के लिए अलग-अलग टीम लगाकर गुणवत्ता के साथ 30 अप्रैल तक पूर्ण करने और शाला भवन के सामने का लुक आर्कषक डिजाईन में बनाने के निर्देश दिए। उन्होने शाला परिसर में किचन शेड, सायकल स्टैंड का भी निर्माण करने के साथ ही शाला परिसर के बाउंड्रीवाल का स्टीमेट बनाने कहा। इसी तरह कलेक्टर ने सेमरा में निर्माणाधीन सेजेस का भी अवलोकन कर अलग-अलग कार्यो के लिए अलग-अलग टीम लगाकर शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सेमरा में 1 करोड़ 87 लाख रूपए की लागत से लगभग 11 हजार वर्ग फुट में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भवन का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने गौरेला में गुरूकुल परिसर के सामने बन रहे नये सर्किट हाउस की प्रगति का जाएजा लिया और निर्माणकार्य में तेजी लाते हुए अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि नए सर्किट हाउस का शुभारंभ जिले के प्रभारी मंत्री एवं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने 22 दिसंबर 2022 को किये थे। यह सर्किट हाउस 2 करोड़ 99 लाख रूपए की लागत से लगभग 906.97 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बन रहा है।

इसमें 2 वी.आई.पी. सुट, 4 कमरे, एक बड़ा मल्टी एक्टीविटी हाल कम डायनिंग सहित किचन, लाउंज तथा 2.40 मीटर की चौड़ाई में मल्टी एक्टीविटी कम डायनिंग हाल के चारों ओर कॉरीडोर का निर्माण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र सिंह, एसडीओ पीडब्ल्यूडी श्री नरेंद्र साहू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच डेली अखबार
बिना किसी सिक्यूरिटी के आवश्यकता है
सभी जिलो में ब्यूरो,स्थानीय रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
क्यूँ न लिखूं सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
* वेलकम किट लेना अनिवार्य है

# पेण्ड्रा ब्लॉक में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की शुरुआत की गई

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही- सामाजिक विविधता और बढ़ती नफरतों के खिलाफ चलाया जा रहा है हाथ से हाथ जोड़ो अभियान। कांग्रेस पार्टी के 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान पदयात्रा को आगे बढ़ाते हुये आज पेण्ड्रा ब्लॉक के ग्राम अमरपुर से लटकोनी तक इस महत्वपूर्ण अभियान की शुरुआत की गई। कांग्रेस पार्टी का यह अभियान समाजिक विविधता एवं बढ़ती नफरतों के खिलाफ चलाया जा रहा है, इसके माध्यम से आज ब्लॉक कांग्रेस पेण्ड्रा के कांग्रेस जनों ने क्षेत्र की जनता से मुलाक़ात की। युवाओ, महिलाओं व वरिष्ठजनों से मिलकर उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याओं व सुझाव को सुना।

आपसी भाई चारे को बढ़ावा मिले हर धर्म हर जाति के लोग आपस में मिल जुल कर रहे और आपसी सौहाद्र को बढ़ावा मिले इसी इच्छाओं के साथ काँग्रेस पार्टी द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है । प्रदेश की काँग्रेस सरकार की सफलताओ को लेकर जनता से संवाद कर आने वाले वर्षो में हमारा छत्तीसगढ़ और प्रगति करे इन सब बातों की चर्चा कर 'हाथ से हाथ जोड़ो' इंसान से इंसान को जोड़ो तथा देश को एक सूत्र में जोड़ने की भावना के साथ काँग्रेस पार्टी निरंतर अग्रसर है। पेण्ड्रा ब्लॉक के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में हाथ से हाथ जोड़ो प्रभारी प्रमोद परस्ते ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान जिला उपाध्यक्ष शंकर पटेल पार्षद जयदत्त तिवारी शंकर कंवर पुष्पराज सिंह जेलेश सिंह गिरिजा रानी विद्या राठौर रियांश सोनी मंसूर मंसूरी भरत यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# भाकियू स्वराज अध्यक्ष गैंगस्टर में दोषी करार

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-कासगंज। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या चार व विशेष सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट की कोर्ट ने भाकियू स्वराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पांडेय व पांच अन्य को गैंगस्टर एक्ट की धाराओं में दोषी पाया है। कोर्ट ने सभी आरोपियों के हिरासत में लेकर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। कोर्ट सजा पर 24 फरवरी को सुनवाई करेगी। पुलिस के अनुसार भाकियू स्वराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पांडेय व संदीप पांडेय पर दो अलग-अलग मामलों में ढोलना पुलिस के द्वारा कार्रवाई की गई थी। जिस पर विशेष सत्र न्यायाधीश घनेंद्र सिंह की गैंगस्टर कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। कोर्ट ने इस मामले में दोनों पक्षों का सुना और कुलदीप व संदीप आदि को गैंगस्टर एक्ट में दोषी पाया। कोर्ट ने आरोपी कुलदीप पांडेय, सुजीत पांडेय, आशीष पांडेय, राकेश कुमार व नीरज को गैंगस्टर एक्ट में दोषी पाए जाने के बाद हिरासत में लेने के आदेश दिए। कोर्ट ने सभी को दोषी पाए जाने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। विशेष सत्र न्यायाधीश की कोर्ट इस मामले में 24 फरवरी को सुनवाई करेगी। मामले में राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक जीतेश कुमार ने पैरवी की

# अवैध रूप से संचालित पांच बैड का सिटी हॉस्पीटल

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में एसीएमओ डा. ओ.पी. आर्या एवं डिप्टी सीएमओ डा. सर्वेश कुमार की टीम द्वारा नाकाबंदी करके की गयी छापामार कार्यवाही से जरासंध की नगरी जलेसर सहित भगवान श्री ऋष्ण की धर्मपत्नी रूक्मणी के ग्राम नूहंखेडा में व उसके आस पास इलाके में अमर बेल की तरह इधर उधर फैले झौलाछाप चिकत्सक त्राहिमाम त्राहिमाम त्राहिमाम गुंजायमान कर उठे ! स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जलेसर के बाद भगवान श्री ऋष्ण की धर्मपत्नी रूक्मणी के मायका ग्राम नुंहखेडा को भी नहीं बख्शा , नुंहखेडा में एक बंगाली डाक्टर टीम का शिकार बना जिसको नोटिस देकर जबाब देने के निर्देश दिऐ गऐ ! स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निधौलीकलां मैन बाजार में भी जे.पी. सिहं के क्लीनिक को दबोचकर नोटिस थमाया ! आज तहसील जलेसर क्षेत्र में योजनाबद्द तरीके से की गयी छापामार कार्यवाही ने झौलाछाप चिकित्सकों में जहां हडकंम के हालात पैदा कर दिऐ तो वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम की झौलाछाप मोबाइल से लोकेशन लेकर धडाधड क्लीनिकों के शटर गिराते नजर आऐ

# कूटनीति के मास्टर एस जयशंकर ने विदेश नीति पर दी यह कैसी सफाई?



विदेश मंत्री एस जयशंकर कहते हैं कि चीन भारत से बड़ी अर्थव्यवस्था है और हम चीन से नहीं लड़ सकते। पूर्व विदेश सचिव शशांक कहते हैं कि यह वास्तविकता है। इसलिए भारत ने चीन को आगे बढ़ने से रोकने के लिए कदम उठाया है पिछले एक साल में चाहे रूस से सस्ते तेल के आयात का मामला हो या पाकिस्तान का मसला या फिर लद्दाख में चीन का रुख, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विदेश नीति, कूटनीति और देश की साख को लेकर बेहतरीन काम किया है। लेकिन कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी की बात पर कूटनीति के जानकारों को विदेश सचिव से विदेश मंत्री बने जयशंकर की बात जरा कम रास आ रही है। पिछले साल ही विदेश सेवा से रिटायर हुए अवकाश प्राप्त सूत्र का कहना है कि विदेश मंत्री कहते-कहते चूक गए। विदेश नीति के खांचे में बात करते तो ठीक था, लेकिन वह राजनीतिक नरेशन ( अवधारणा ) ही फिट करते नजर आए। पूर्व विदेश सचिव शशांक ने हालांकि विदेश मंत्री एस जयशंकर से कई मामलों में सहमति जताई है, लेकिन भारत और चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैनिकों की एतिहासिक तैनाती को लेकर उन्होंने भी सवालिया निशान लगाया है। शशांक का कहना है कि सफल विदेश नीति और कूटनीति तो सीमा पर सैनिकों की तैनाती को कम करती है। शांति की स्थापना का रास्ता बनाती है। युद्ध और टकराव को पीछे धकेलने का काम करती है। जबकि यहां हमारे विदेश मंत्री सीमा पर अब तक की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती का हवाला देकर बता रहे हैं कि भारत चीन से युद्ध करने के लिए तैयार है।


## आखिर क्या है मामला और कूटनीति के जानकार क्यों कर रहे हैं खारिज

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि मोदी सरकार चीन का नाम लेने से डरती है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राहुल गांधी के इस राजनीतिक हमले का आक्रामक लहजे में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि चीन की सीमा पर आज हमारे पास इतिहास की सबसे बड़ी तैनाती है और मैं इसमें चीन का नाम ले रहा हूं। अगर हम रक्षात्मक हो रहे थे, तो भारतीय सेना को एलएसी पर किसने भेजा? राहुल गांधी ने उन्हें नहीं भेजा, नरेंद्र मोदी ने भेजा। जयशंकर ने आगे कहा कि आज चीन सीमा पर शांतिकाल में हमारे इतिहास की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती है। उन्होंने खर्च के बारे में बात की कि सीमा पर आधारभूत संरचना खर्च को मौजूदा सरकार ने पांच गुना तक बढ़ाया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर कहते हैं कि चीन भारत से बड़ी अर्थव्यवस्था है और हम चीन से नहीं लड़ सकते। पूर्व विदेश सचिव शशांक कहते हैं कि यह वास्तविकता है। इसलिए भारत ने चीन को आगे बढ़ने से रोकने के लिए कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने सीमा पर बुनियादी ढांचा और संसाधन बढ़ाने को बड़ी प्राथमिकता दी है। पूर्व विदेश सचिव कहते हैं कि सीमा पर सेना की तैनाती कोई बड़ी बात नहीं है। इससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि हमारे सैनिकों को वहां तैनाती के लिए जरूरी संसाधन, कपड़े, जूते, हथियार और अन्य साजो-सामान भी मिलें। रक्षा मामलों के जानकार एयर वाइस मार्शल ( पूर्व ) एनबी सिंह का कहना है कि लगे हाथ उन्हें सैन्य तैनाती पर आने वाला खर्च और चुनौती बता देना चाहिए था।

## इमोशनल कार्ड खेलकर राजनीति कर रहे हैं एस जयशंकर - कांग्रेस

कांग्रेस पार्टी की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने एस जयशंकर को अब तक का सबसे असफल विदेश मंत्री बताया। श्रीनेत ने कहा कि इस साक्षात्कार में जयशंकर ने भारतीय सैनिकों का मनोबल तोड़ने का काम किया। श्रीनेत ने कहा कि विदेश मंत्री को चीनी अतिक्रमण पर भी बोलना चाहिए था। 2020 के पहले वाली स्थिति बहाल करने के बारे में कुछ बताते, तो समझ में आता। संजय झा ने भी विदेश मंत्री के वक्तव्य को कटघरे में खड़ा किया। विदेश मंत्री के साक्षात्कार पर एक पूर्व विदेश सचिव का कहना है कि एस जयशंकर अब विदेश मंत्री हैं। वह राजनीतिक बयान दे सकते हैं। कांग्रेस पार्टी के एक पूर्व केंद्रीय मंत्री का कहना है कि विदेश सेवा में वह जूनियर हैं और मेरा बोलना ठीक नहीं है। अपने इस साक्षात्कार में उन्होंने अपने पिता का जिक्र करके इमोशनल कार्ड खेला। सूत्र का कहना है कि विदेश मंत्री को यह भी बताना चाहिए कि तत्कालीन विदेश सचिव सुजाता सिंह का समय से पहले जाना और एस जयशंकर का विदेश सचिव बनने का प्रकरण क्या था।

# लिज ट्रस बोलीं- यूएन सुरक्षा परिषद में बदलाव की जरूरत, भारत को बड़ी भूमिका मिलनी चाहिए



ट्रस ने कहा कि आज के समय में भारत इकोनॉमिक पावर है। उसे पश्चिम में बड़ी भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा, %भारत एक लीडर है, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है... चीन की बहस पर भारत का बहुत बड़ा प्रभाव हो सकता है।% ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की जरूरत बताई है। उन्होंने कहा कि मौजूदा संगठन सही से काम नहीं कर रहा है, इसलिए इसमें नए सिरे से बदलाव किया जाना चाहिए। ट्रस ने ये भी कहा कि दुनिया में भारत की ताकत तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में भारत को बड़ी जिम्मेदारी मिलनी चाहिए। लिज ट्रस ने यहां एबीपी नेटवर्क की ओर से आयोजित आइडियाज ऑफ इंडिया के दूसरे संस्करण में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में भारत की जमकर तारीफ की। चीन और रूस पर जमकर निशाना साधा। ट्रस ने कहा कि आज के समय में भारत इकोनॉमिक पावर है। उसे पश्चिम में बड़ी भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा, भारत एक लीडर है, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है... चीन की बहस पर भारत का बहुत बड़ा प्रभाव हो सकता है।

## और क्या बोलीं लिज?

लिज ट्रस ने चीन और रूस पर जमकर निशाना साधा। कहा कि हमें यह विश्वास था कि आर्थिक स्वतंत्रता के साथ चीन अधिक स्वतंत्र हो जाएगा, लेकिन चीन ने उस वृद्धि का उपयोग हमारे जीवन के तरीके को कमजोर करने के लिए किया है। ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री ने दुनिया के दूसरे देशों से अपील करते हुए कहा, हमें ताइवान से सबक सीखना होगा। इस बात को सुनिश्चित करना होगा कि ताइवान खुद का बचाव करने में सक्षम हो। आइए यह सुनिश्चित करें कि हमने एक आर्थिक लचीलापन बनाना है, ताकि चीन उस आर्थिक दबाव का उपयोग न कर सके। लिज ट्रस ने भारत की तारीफ करते हुए कहा कि भारत अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में दुनिया की बड़ी ताकत है। आज दुनिया के तमाम देश भारत की आवाज सुनते हैं। भारत दुनिया को नई दिशा दिखा सकता है।

# नासिर-जुनैद हत्याकांड में नया खुलासा, वारदात में इस्तेमाल गाड़ी पंचायत विभाग के नाम



भरतपुर के नासिर और जुनैद हत्याकांड में नया खुलासा हुआ है। वारदात में इस्तेमाल गाड़ी पंचायत विभाग के नाम है। इस हत्याकांड में पुलिस नामजद आठ आरोपियों की तलाश में राजस्थान और हरियाणा सहित अन्य राज्यों में दबिश दे रही है, लेकिन बृहस्पतिवार शाम तक कोई नई गिरफ्तारी नहीं हो सकी।


## जांच में हुआ खुलासा

उधर, वारादत में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो की जांच में पता चला है कि 23 अप्रेल 2022 को भी इसका उपयोग गोतस्करों के खिलाफ किया जा चुका है। यह गाड़ी पंचायत एवं विकास विभाग के नाम रजिस्टर्ड है और फिरोजपुर झिरका थाने में एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस रिंकू सैनी से पूछताछ कर आरोपियों के ठिकानों का पता करने में जुटी है। घाटमीका गांव के रहने वाले जुनैद और नासिर को जिंदा जलाकर मार दिया गया था। इस मामले में रिंकू सैनी से पूछताछ जारी है। अन्य आठ आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। चार स्थानों पर दी गई दबिश राजस्थान और हरियाणा पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए जींद जिले में चार स्थानों पर दबिश दी है, लेकिन किसी का सुराग नहीं लगा। उधर, बुधवार देर रात घाटमीका गांव में आक्रोशित युवाओं ने राज्य सरकार व राज्यमंत्री जाहिदा खान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## न्याय जरूर मिलेगा

मृतक नासिर के भाई हामिद ने बताया कि उन्हें इस मामले में प्रशासन व सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। उम्मीद है न्याय जरूर मिलेगा। गांव में जो धरना चल रहा है वह हमारी गैर मौजूदगी और बिना सहमति के चल रहा है। कुछ लोग बाहर से आकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, उससे हमारा कोई मतलब नहीं है। मौलवी जमील का कहना था कि कुछ लोग राजनीतिक स्वार्थ के लिए धरना दे रहे हैं। धरने को लेकर राज्यमंत्री जाहिदा खान व पुलिस अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की बैठक भी हुई।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, युवक की मौत से मचा कोहराम, दो महिलाएं हिरासत में, कार्रवाई जारी



परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। वहीं संघर्ष में घायल हुए एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।मेरठ जनपद में परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के गांव शिवनगर खानपुर गढ़ी में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। वहीं उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। उधर, मौके पर पहुंची पुलिस ने दो महिलाओं को हिरासत में ले लिया है।

## जमकर चले लाठी-डंडे

बताया गया कि शिवनगर खानपुर गढ़ी गांव में बीती रात खेत में पानी करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे व सरिये चल गए। इसमें महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। वहीं उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने इस मामले में दो महिला पत्नी व सास को हिरासत में ले लिया है। बताया गया कि दो दिन पूर्व ग्राम शिवनगर खानपुर गढ़ी में देव प्रसाद पुत्र धीरेंद्र विप्लव के साले का गांव के ही 30 वर्षीय अरुण पुत्र सुभाष से खेत में पानी करने को लेकर विवाद हो गया था।वहीं गुरुवार बीती रात में विप्लव पुत्र हरिपत, सौरभ, गौरव पुत्र विप्लव, प्रीति पत्नी विप्लव और साला देव प्रसाद ने अरुण के साथ सरियों व लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं उपचार के दौरान अरुण की मौत हो गई। उधर, मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गांव में दबिश देकर दो महिलाओं को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई।

## नहीं थम रहा हत्याओं का सिलसिला

परीक्षितगढ़ क्षेत्र में हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में गांव पुट्ठी में शादी समारोह से लौट रहे युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया गया। सवाल उठ रहा है कि परीक्षितगढ़ पुलिस अपराधों पर लगाम लगाने में नाकाम है। क्षेत्र में आए दिन हो रही बड़ी घटनाओं से पुलिस के प्रति लोगों में भारी रोष बना हुआ है।

# छात्राओं-कामकाजी महिलाओं को माहवारी अवकाश की मांग वाली याचिका पर कोर्ट का सुनवाई से इनकार



शीर्ष अदालत ने कहा कि यह मुद्दा सरकार के नीतिगत दायरे में आता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि निर्णय लेने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को अपील भेजी जा सकती है छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को उनके कार्यस्थल पर महावारी के दिनों में छुट्टी दिए जाने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया है। इस याचिका में कोर्ट से अनुरोध किया गया था कि वह राज्यों को यह निर्देश दे कि वे माहवारी से होने वाली पीड़ा के मद्देनजर छात्राओं और महिलाओं के लिए अवकाश घोषित करें।

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह मुद्दा सरकार के नीतिगत दायरे में आता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि निर्णय लेने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को अपील भेजी जा सकती है। दिल्ली निवासी शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने याचिका में मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 की धारा 14 के अनुपालन के लिए केंद्र और सभी राज्यों को निर्देश देने का अनुरोध किया।

अधिनियम की धारा 14 निरीक्षकों की नियुक्ति से संबंधित है और इसमें कहा गया है कि उपयुक्त सरकार ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति कर सकती है और क्षेत्राधिकार की स्थानीय सीमाओं को परिभाषित कर सकती है जिसके भीतर वे इस कानून के तहत अपने कार्यों का निर्वहन करेंगे।

# ट्रेनों में अब नहीं होगा सामान चोरी, डिजिटल लॉकर में सुरक्षित रहेगा लगेज




भारतीय रेलवे के अनुसार, यह नया लॉक सिस्टम एक ओटीपी के जरिए खुलेगा। ट्रेनों के संचालन के दौरान प्रत्येक स्टेशन पर रेलवे कर्मियों द्वारा एक ओटीपी प्राप्त किया जाएगा भारतीय रेलवे से हर रोज हजारों यात्री सफर करते है। वहीं अपना सामान एक राज्य से दूसरे राज्य भेजने के लिए रेलवे की मदद लेते हैं। लेकिन कई बार यात्रियों को डर सताता है कि इस दौरान उनका सामान चोरी न हो जाएं या कहीं गुम नहीं हो जाए। लेकिन अब यात्रियों को अपने सामान को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। क्योंकि भारतीय रेलवे जल्द ही डिजिटल लॉक सिस्टम लेकर आ रहा है। भारतीय रेलवे के अनुसार, यह नया लॉक सिस्टम एक ओटीपी के जरिए खुलेगा। ट्रेनों के संचालन के दौरान प्रत्येक स्टेशन पर रेलवे कर्मियों द्वारा एक ओटीपी प्राप्त किया जाएगा, जहां लोडिंग या अनलोडिंग की जानी है। इस सिस्टम का आमतौर पर ट्रक में इस्तेमाल किया जाता रहा है। इस स्मार्ट लॉक में जीपीएस लगा होता है। इसकी मदद से वाहन की मौजूदा स्थिति का पता चलता है और सामान चोरी होने की आशंका घट जाती है। फिलहाल इस प्रोटोटाइप को हावड़ा समेत 3-4 डिवीजन में डेवलप किया जा रहा है। इस डिजिटल लॉक का उद्देश्य यही है कि गुड्स और पार्सल वैगन में ताले लगाए जा सकें और इन लॉक को ओटीपी के जरिए सिक्योर किया जाएगा। रेलवे के इस नए कदम से न सिर्फ लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि सामान चोरी की घटनाएं रुकेंगी और माल ढुलाई से होने वाले रेवेन्यू में बढ़ोतरी होगी। चालू वित्त वर्ष में 25 जनवरी, 2023 तक रेलवे सुरक्षा बल ने रेलवे से चोरी हुई 25 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की है। 11,268 अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

## इस तरह काम करेगा यह सिस्टम

रेलवे द्वारा लाया जा रहा यह नया डिजिटल लॉक सिस्टम एक ओटीपी के माध्यम से खोला या बंद होगा, जो संबंधित रेल कर्मियों/ अधिकारी के मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। एक बार जब ट्रेन गंतव्य पर पहुंच जाती है, तो पायलट को लॉक बटन दबाकर स्थान की इसकी पुष्टि करनी होगी और रेलवे कर्मियों को ओटीपी को वेरीफाई करना होगा। वेरिफिकेशन के बाद लॉक अनलॉक करने के लिए ड्राइवर के मोबाइल नंबर पर एक और ओटीपी भेजा जाएगा। यह नया डिजिटल लॉक सिस्टम किसी तरह की छेड़छाड़ या दरवाजों के टकराने जैसी घटना होने पर रेलवे के आधिकारिक मोबाइल नंबर पर अलर्ट संदेश भेजेगा। नए लॉक सिस्टम के इस्तेमाल से ट्रेन को भी ट्रैक किया जाएगा और लोकेशन रिकॉर्ड की जाएगी।

